समाचार विज्ञप्ति

वैक्सीन पात्रता का विस्तार, नया मील पत्थर स्थापित

5 अक्तूबर, 2021, मीडिया पूछताछ

अलबर्टा के 75 प्रतिशत से अधिक पात्र लोग अब कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से कोविड-19 के खिलाफ इम्यूनाइडड हैं, जबकि हजारों और अब कोविड-19 की तीसरी खुराक के लिए पात्र हैं ।

6 अक्टूबर से अलबर्टा के 75 वर्ष या अधिक आयु वालो लोग और 65 वर्ष या अधिक आयु के फर्सट नेशन्ज, इन्यूइट और मेटिस लोग अपनी दूसरी खुराक से कम से कम छह महीने बाद तीसरी खुराक के लिए बुकिंग शुरु कर सकते हैं।

टीकाकरण पर अलबर्टा सलाहकार समिति की सिफारिशों पर काम करते हुए अलबर्टा कैनेडा के उन पहले प्रांतों में से एक बन गया है, जहां इस उम्र वर्ग के लोगों को वैक्सीन की तीसरी खुराक दी जा रही है। अलबर्टा के बड़ी उम्र के लोग, और साथ ही जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर है, या स्पोर्टिव लिविंग में रहने वाले सीनीयर्ज को तीसरी खुराक दी जा रही है, क्योंकि उन्हें कोविड-19 की वजह से अस्पताल में भर्ती होने का, मौत का, या अन्य गंभीर परिणामों का जोखिम अधिक हो सकता है।

स्वास्थ्य अधिकारी पूरे कैनेडा और दुनिया भर में वैक्सीन की प्रभावशीलता पर सामने आने वाले सभी सबूतों पर नजर रख रहे हैं।

दूसरी खुराक में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की

वर्तमान में, 75.1 प्रतिशत अलबर्टा के पात्र लोगों का टीके की दो खुराकें प्राप्त करने के बाद कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीकाकरण किया गया है।

इसके अलावा, अलबर्टा के 84. 5 प्रतिशत पात्र लोगों ने कम से एक खुराक ली है। 3 सितंबर के बाद 500,000 से अधिक पहली, दूसरी और तीसरी खुराक दी गई है।

तीसरी खुराक के लिए पात्र अलबर्टा के लोग

75 वर्ष या अधिक आयु के अलबर्टा के लोगों और 65 वर्ष या अधिक आयु के फर्सट नेशन्ज, मेटिस और इन्यूइट लोगों के अलावा सामुहिक देखभाल में रहने वाले बुजुर्गों के लिए भी तीसरी खुराक उपलब्ध है। इन व्यक्तियों को गंभीर परिणामों और रहने के सामूहिक स्थानों पर बिमारी फैलने का अधिक खतरा होता है, और उन्हें उनके स्थान पर ही अपनी खुराक मिलेगी।

कमजोर इम्यूनिटी वाली कई स्थितियों में भी दूसरी खुराक के कम से कम आठ सप्ताह बाद अतिरिक्त खुराक मिल सकती है। पूरी सूची के लिए, alberta.ca/vaccine पर जाएं।

एमआरएनए टीके की अतिरिक्त खुराकें अलबर्टा के उन लोगों के लिए उपलब्ध है, जो ऐसे क्षेत्रों की यात्रा कर रहे हैं जो उन यात्रियों को आने की अनुमति नहीं देते हैं जिन्हें Covishield/AstraZeneca या मिश्रित खुराकों का टीका लगाया गया है।

तीसरी खुराक के लिए अपॉइंटमेंट बुक करना

75 वर्ष या अधिक आयु के अलबर्टा के लोग और फर्सट नेशन्ज, मेटिस और इन्यूइट लोग जो रिजर्वों से बाहर रह रहे हैं, वह प्रोग्राम में शामिल फार्मेसियों और चिकित्सक क्लीनिकों में तीसरी खुराक के लिए alberta.ca/vaccine पर बुकिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं । अलबर्टा के लोग 811 पर भी कॉल कर सकते हैं, भाग लेने वाली फार्मेसियों या प्रतिभागी चिकित्सकों के कार्यालयों को भी कॉल कर सकते हैं, या वॉक-इन टीकाकरण के लिए सामुदायिक फार्मेसी ढूंढ सकते हैं।

65 वर्ष या अधिक के व्यक्ति, जो फर्स्ट नेशन्ज रिजर्व पर रहते हैं, उनको रिजर्व पर स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कलिनिक में तीसरी खुराक मिल सकती है।

यदि आप अपनी उम्र के कारण अयोग्य समझे जाते हैं, या आपकी दूसरी खुराक प्राप्त करने के बाद छह महीने नहीं हुए हैं, तो आपको पात्र होने पर फिर से बुक करने के लिए कहा जाएगा ।

आउटडोर समारोह पर प्रतिबंध

कोविड-19 के प्रसार को कम करने के लिए, एक अपडेटेड सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय सभी आउटडोर निजी सामाजिक समारोहों पर 6 अक्तूबर से लागू होगा:

- आउटडोर निजी सामाजिक समारोहों में अधिकतम 20 लोग शामिल हो सकते हैं, और एक से दूसरे घर के लोगों के बीच हर समय दो मीटर की शारीरिक दूरी रहनी चाहिए । यह 200 उपस्थित लोगों की पिछली सीमा से कम की गई है।
- पहले के अन्य सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय इस समय लागू हैं ।
- सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के बारे में अतिरिक्त जानकारी alberta.ca/covid19 पर उपलब्ध है ।

संबंधिक जानकारी

- अपने कोविड-19 टीके के लिए अपॉइंटमेंट बुक करें

मीडिया पूछताछ

स्टीव ब्यूइक (Steve Buick)
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य